# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (4 February)

- **4 फरवरी:** विश्व कैंसर दिवस। यह कैंसर को लेकर पूरे विश्व में जागरूकता उत्पन्न करने का वैश्विक कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य इस जानलेवा रोग के प्रति लोगों में जागरूकता उत्पन्न करना और कैंसर को लेकर विभिन्न देशों की सरकारों और व्यक्तियों को कार्रवाई करने के लिये संवेदनशील बनाना है। विश्व कैंसर दिवस की शुरुआत 4 फरवरी, 2000 को पेरिस में **World Summit against Cancer for the New Millennium** में पेरिस चार्टर द्वारा की गई थी। एक अनुमान के अनुसार, प्रतिवर्ष विश्वभर में 8.8 मिलियन लोगों की मृत्यु कैंसर से होती है। 2019 से 2021 तक के लिये विश्व कैंसर दिवस की थीम **I Am and I Will** रखी गई है।
- सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 4 फरवरी से 10 फरवरी तक चलने वाले **राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह** की शुरुआत की। केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री सुषमा स्वराज और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक मोटर कार रैली को रवाना कर इसकी शुरुआत की। इस सप्ताह के दौरान यातायात के नियमों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने एवं लोगों को सड़क दुर्घटनाओं से बचने हेतु उपाय सुझाने के अभियान चलाए जाते हैं ।
- राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान एक **मोटर-कार रैली** भी निकाली जा रही है। यह रैली ऐतिहासिक रूप से गांधी जी से जुड़े स्थानों से होकर गुज़रेगी और बांग्लादेश में ढाका पहुँचने से पहले भारत में साबरमती, पोरबंदर, दांडी, यरवदा, सेवाग्राम, जबलपुर, लखनऊ, गोरखपुर, चौरीचौरा, चंपारण, शांतिनिकेतन और कोलकाता से होकर गुजरेगी। इसका समापन म्यांमार के यांगून में 24 फरवरी को होगा, जिसमें कुल 7250 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी। यह रैली महात्मा गांधी के 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में वर्षभर चलने वाले समारोहों का हिस्सा है, जिसकी शुरुआत पिछले साल 2 अक्तूबर को भारत सरकार ने की थी।
- प्रधानमंत्री ने 220 Kv **श्रीनगर-अलस्टेंग-द्रास-कारगिल-लेह ट्रांसमिशन सिस्टम** राष्ट्र को समर्पित किया। इससे लद्दाख को पूरे वर्ष बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। इससे पर्यटन क्षेत्र को काफी बढ़ावा मिलेगा और लद्दाख के सामाजिक-आर्थिक विकास में वृद्धि होगी। 335 किमी. लंबी और 2266 करोड़ रुपए लागत वाली यह परियोजना भारत सरकार की नवरत्न कंपनी पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने पूरी की है।
- प्रधानमंत्री ने लद्दाख के **पहले विश्वविद्यालय** का उद्घाटन किया। गौरतलब है कि लद्दाख की आबादी में युवाओं की हिस्सेदारी 40 फीसदी है। लद्दाख विश्वविद्यालय की शुरुआत होने से यह लेह, कारगिल, नुब्रा, ज़ांस्कर, द्रास और खाल्सती के डिग्री महाविद्यालयों से निर्मित एक क्लस्टर विश्वविद्यालय होगा और छात्रों की सुविधा के लिये लेह और कारगिल में इसके प्रशासनिक कार्यालय होंगे। साथ ही प्रधानमंत्री ने लेह में **कुशोक बकुला रिम्पोछे** हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का शिलान्यास किया। यह नया टर्मिनल सभी आधुनिक सुविधाओं के साथ निर्बाध यात्री आवाजाही की सुविधा प्रदान करेगा।
- प्रयागराज में चल रहे कुंभ मेले पर भारतीय डाक विभाग ने 5 रुपए का स्मारक डाक टिकट जारी किया है। यह पहली बार है जब **कुंभ मेले पर डाक टिकट** जारी किया गया है। कुंभ पूरे देश और विश्व के लिये भी आकर्षण का केंद्र है, इसलिये स्मारक डाक टिकट और स्मारिका जारी की गई है। आपको बता दें कि कुंभ को **विश्व की अमूर्त धरोहर** का दर्जा मिला हुआ है।
- भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) ने अपनी **Eat Right India** पहल को बढ़ाने के लिये **स्वच्छ भारत यात्रा** शुरू की थी, जो एक 100-दिवसीय उपभोक्ता आउटरीच कार्यक्रम था। इस यात्रा में विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लगभग 2.5 करोड़ लोगों ने भागीदारी की। तमिलनाडु को ओवरआल सर्वश्रेष्ठ राज्य चुना गया। आपको बता दें कि FSSAI ने महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 'खाद्य जनित बीमारियों की रोकथाम करने और सूक्ष्म पोषक तत्त्वों की कमी को रोकने के लिये' स्वच्छ भारत यात्रा साइक्लोथॉन का अक्तूबर से जनवरी तक आयोजन किया था।
- नासा के स्पेस टेलीस्कोप 'हबल' ने तीन करोड़ प्रकाश वर्ष दूर, हमारे ब्रह्मांड में पीछे की ओर मौजूद एक **बौनी (Dwarf) आकाशगंगा** का पता लगाया है। शोधकर्त्ताओं ने तारों के गोल गुच्छे NGC 6752 के भीतर सफेद बौने तारों का अध्ययन करने के लिये स्पेस टेलीस्कोप 'हबल' का इस्तेमाल किया था। इस अध्ययन का उद्देश्य गोल तारामंडल की आयु का पता लगाने के लिये इन तारों का इस्तेमाल करना था, लेकिन इस प्रक्रिया में शोधकर्त्ताओं को बौनी आकाशगंगा मिली। गौरतलब है कि बौनी आकाशगंगा में दूसरी आकाशगंगाओं की तुलना में काफी कम तारे होते हैं।
- मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 की धारा 4A(1) के अंतर्गत गठित समिति द्वारा अनुशंसित पैनल के आधार पर ऋषि कुमार शुक्ला को नया CBI डायरेक्टर नियुक्त किया है। 1983 बैच के IPS अधिकारी **ऋषि कुमार शुक्ला** की नियुक्ति पदभार ग्रहण करने से दो वर्षों के लिये मान्य होगी। वे पूर्व निदेशक आलोक कुमार वर्मा का स्थान लेंगे। एक अप्रत्याशित घटनाक्रम में आलोक वर्मा को CVC की रिपोर्ट पर 23 अक्तूबर 2018 को छुट्टी पर भेज दिया गया था। मामला कोर्ट में गया और बाद में उन्हें फायर सर्विस, सिविल डिफेंस और होमगार्ड्स का DG बनाया गया था। आलोक वर्मा ने इस पद को स्वीकार करने से इनकार करते हुए इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद अंतरिम CBI चीफ का ज़िम्मा एम. नागेश्वर राव संभाल रहे थे।
- ईरान ने 1,350 किलोमीटर से भी अधिक दूरी तक मार करने वाली नई क्रूज़ मिसाइल का सफल परीक्षण करने का दावा किया है। यह होविज़ क्रूज़ मिसाइल न्यूनतम समय में तैयार हो सकती है और बहुत कम ऊँचाई पर उड़ान भरने में सक्षम है। यह मिसाइल 2015 में 700 किलोमीटर दूरी की मारक क्षमता के साथ विकसित **सुमार (Soumar) श्रेणी** की क्रूज़ मिसाइलों का हिस्सा है। ईरान ने स्वैच्छिक रूप से अपनी मिसाइलों की मारक क्षमता 2000 किलोमीटर तक नियंत्रित की हुई है। इसके बावजूद उसकी मिसाइलें इज़राइल और मध्य एशिया में बने पश्चिमी देशों के सैन्य अड्डों तक पहुँच सकती हैं।

- 1990 में नेपाल की अंतरिम सरकार में कानून मंत्री रहे **नीलांबर आचार्य** को भारत में राजदूत नियुक्त किया गया है। नेपाल की राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने शीतल निवास स्थित राष्ट्रपति भवन में उन्हें पद की शपथ दिलाई। नए प्रावधान के तहत राष्ट्रपति द्वारा पद और गोपनीयता की शपथ ग्रहण करने वाले आचार्य पहले नेपाली राजदूत हैं। इससे पहले राजदूतों को सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस पद की शपथ दिलाया करते थे। आपको बता दें कि दीप कुमार उपाध्याय के करीब एक साल पहले इस्तीफा देने के बाद से भारत में नेपाली राजदूत का पद खाली था।
- भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाज़ **स्मृति मंधाना** एकदिवसीय रैंकिंग में नंबर-1 खिलाड़ी बन गई हैं। ऑस्ट्रेलिया की एलिस पेरी और मेग लैनिंग क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। हाल ही में स्मृति मंधाना न्यूज़ीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला में '**प्लेयर आफ द सीरीज़**' रही थीं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-04-02-2018